केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन
मुख्यालय कार्यालय, प्रयागराज
जनसम्पर्क विभाग

दिनांक 10/01/2025

**प्रेस विज्ञप्ति**

## केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन में विश्व हिंदी दिवस का आयोजन ।

केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज में दिनांक **10/01/2025** को "विश्व हिंदी दिवस" के अवसर पर उप मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री कल्याण सिंह की अध्यक्षता में विश्व हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कोर कार्यालय के सतर्कता विभाग के मुख्य कार्यालय अधीक्षक डाक्टर ब्रजेश खरे ने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी आज पूरे विश्व में बोली और समझी जाने लगी है। उन्होंने कहा कि आज कवि सम्मेलन अखिल भारतीय स्तर से ऊपर उठकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने लगे हैं। साथ ही कहा कि हिंदी विश्व की तीसरी सबसे अधिक बोली और समझी जाने वाली भाषा बन गई है। श्रीमती रंजना गुप्ता, कार्यालय अधीक्षक ने विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर एक गीत प्रस्तुत किया। श्री ललित रंजन, निजी सचिव/ वरिष्ठ उपमहाप्रबंधक ने भी विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर अपना वक्तब्य दिया।

समारोह में मुख्यालय के श्री संदीप श्रीवास्तव, वरि. विधि अधिकारी, श्री मृदुल श्रीवास्तव, सहायक सामग्री प्रबंधक सहित सभी विभागों के भारी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे। समारोह का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन कार्यालय अधीक्षक श्री वृजेन्द्र सिंह ने किया।

**(कल्याण सिंह)**
मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी
कोर/प्रयागराज